Title: Demand to setup a Kendriya Vidhayalaya in Khiri district of Uttar Pradesh.

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक अत्यन्त महत्वपूर्ण मसले की ओर आकर्षित करना चाहता हूं और वह यह है कि उत्तर प्रदेश के जनपद खीरी में केन्द्रीय विद्यालय न होने से जो वहां के प्रतिभाशाली छात्र हैं चाहे वे ग्रामीण क्षेत्रों के हैं और चाहे शहरी क्षेत्रों के उन्हें बहुत बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। राज्य कर्मचारियों के जो बच्चे हैं उनकी शिक्षा में भी अवरोध पैदा हो जाता है जिसके कारण उनका मन राजकाज में नहीं लगता है और वे स्थानांतरण पर भी वहां आने में आनाकानी करते हैं। इसलिए मेरा सरकार से अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश के जनपद खीरी में बहुत जल्दी एक केन्द्रीय विद्यालय या नवोदय विद्यालय की स्थापना की जाए।